# चयनित अंशु अहिरवार को एमडी सौरभ भार्गव मिष्ठान खिलाते हुए की।

## अंशु अहिरवार का हुआ रेडियो ऑपरेटर में चयन

### बी. एस. एम. स्कूल के एमडी सहित समस्त स्टाफने दी बधाईयाँ

नवनीत एक्सप्रेस रिपोर्टर



मऊरानीपुर (झाँसी) नगर की होनहार छात्रा के रुप में रही मुहल्ला गाँधीगंज चौगडड़ा निवासी अंशु अहिरवार पुत्री मुकेश अहिरवार ने उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो ऑपरेटर की परीक्षा उत्तीर्ण की। जिससे उसका चयन हुआ। इसके बाद बधाईयाँ देने वालों का तांता बराबर देखने को मिल रहा है। जैसे ही चयन की खबर नगर में हुयी तो उसके घर लोग बधाईयाँ देने पहुँच रहे है तो वही सोशल मीडिया पर भी बधाईयाँ बराबर दी जा रही है। अंशु अहिरवार ने अपने गुरुजनों के साथ माता पिता सहित परिवार के साथ नगर का नाम रोशन किया। यहाँ तक के उसके सफर में प्रारम्भिक शिक्षा जिसमें प्राईमरी से जूनियर तक की शिक्षा 2014 में बी.एस.एम. स्कूल मुहल्ला गाँधीगंज, हाईस्कूल की शिक्षा 2016 में एवं इण्टरमीडिएट की शिक्षा 2018 में सरस्वती विधा मन्दिर इण्टर कॉलेज मऊरानीपुर एवं बीएससी (मैथ) की शिक्षा 2021 में श्री गनेशी बाई सोनी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविधालय से उत्तीर्ण की। इसी के चलते अब चयन के बाद ट्रेनिंग के लिये अंशु अहिरवार लखनऊ के लिये रवाना होगी। लखनऊ रवाना होने से पूर्व अंशु अहिरवार बी. एस. एम. स्कूल पहुँची वहाँ उसने अपने गुरुजनों का आर्शीवाद ग्रहण करते हुये मिठाई खिलायी तो वही गुरुजनों ने भी अंशु का मीठा मुँह कराते हुये व पार्टी देते हुये बधाई दी साथ ही उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। आपको बता दे कि अंशु अहिरवार बी. एस. एम. स्कूल की होनहार छात्रा रही है। जिसकी प्रारम्भिक शिक्षा कक्षा प्ले से 8 वीं तक की शिक्षा बी. एस. एम. स्कूल से रही। जो आज इस मुकाम पर पहुँची है। जिससे एमडी सौरभ भार्गव सहित समस्त स्टाफ ने बधाई दी। वही ज्ञातव्य हो कि अंशु अहिरवार पुलिस कॉस्टेबिल परीक्षा में भी चयनित हो चुकी थी। इस मौके पर एमडी सौरभ भार्गव, डायरेक्टर प्रीति मिस, प्रिन्सी मिस, उर्मिला मिस, दीपा मिस, सपना मिस, सौरभ सर, धनकू देवी सहित विधालय स्टाफ उपस्थित रहा।

# विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया

## शशि भूषण दूबे कंचनीय/रोमेश रंजन रोशन



मिर्जापुर 7 अगस्त।सिटी सभागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोगों को उनके अधिकार एवं मुख्य धारा से जुड़ने हेतु सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रम एवं योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया इसके अतिरिक्त सभा में उपस्थित सम्मानित व्यक्तियों को जागो ग्राहक जागो के नारे से अवगत कराया गया एवं उनके द्वारा किसी भी स्थान से यदि कोई सामान क्रय किया जाता है तो उसे संबंध में उसे समान का मूल्य, वजन तथा एक्सपायरी डेट अवश्य देख लें तथा सामान लेते हुए रसीद अवश्य ले ।

# सपा कार्यकर्ताओं द्वारा बाढ़ पीड़ित इलाके में राहत सामग्री का वितरण अनवरत जारी

नवनीत एक्सप्रेस ब्यूरो अनिल खटीक



हमीरपुर द्य जनपद में आज दिनांक 07-08-25 को समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा बाढ़ पीड़ित इलाके प्रतिदिन जोरों शोरों से बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री का वितरण अनवरत जारी है जो की जिला अध्यक्ष इदरीश खान से पूछा गया उन्होंने बताया हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्य मंत्री अखिलेश यादव के निर्देशन पर यह कार्यक्रम अनवरत चल रहा है ताकि प्रत्येक पीड़ित व्यक्ति तक भोजन एवं नित्य प्रतिदिन उपयोग की अन्य सामग्रियां व दवाइयां प्रत्येक पीड़ित व्यक्ति तक पहुंचना अनिवार्य है ताकि कोई भी पीड़ित व्यक्ति भोजन एवं अन्य सामग्री से अछूता न रह जाए इस कार्यक्रम की अगवाई जिलाध्यक्ष इदरीश खान के नेतृत्व में बाढ़ प्रभावित ग्राम चंदुली तीर, चंदुली तीर डेरा,हेलापुर, केसरिया डेरा,भोला डेरा आदि ग्रामों में राहत सामग्री वितरित की गई।

इस मौके पर पूर्व मंत्री बादशाह सिंह, शुभकरण सिंह परिहार पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुमेरपुर, मुन्नीलाल निषाद प्रदेश सचिव सपा, नंदकिशोर शिवहरे प्रदेश सदस्य सपा, घनश्याम साहू प्रदेश सचिव व्यापार सभा, शिवशरण यादव प्रदेश सदस्य सपा,युगांक मिश्रा पूर्व प्रत्याशी नगर पालिका परिषद, राघवेन्द्र यादव लकी नगर अध्यक्ष, अवधेश यादव,विवेक यादव जिला उपाध्यक्ष व्यापार सभा,लालता सिंह खंगार जिलाध्यक्ष मजदूर सभा,अनुज यादव प्रधान,लालमन यादव,अभय परिहार, मु जुनैद,सूर्य प्रताप गोलू नगर उपाध्यक्ष, विकास गुप्ता, अवधेश प्रजापति,कलीम चौधरी,दीपक वर्मा आदि समाजवादी पार्टी के साथी उपस्थित रहे।

# रिश्वत लेते एक बार फिर जनपद मुख्यालय में एन्टी करप्सन टीम ने रिश्वती को दबोचा

नवनीत एक्सप्रेस ब्यूरो अनिल खटीक



हमीरपुर।प्रदेश में भ्रस्टाचार की जड़े इतनी मजबूत हो गयी है कि बिना कोई रिश्वत काम अब शायद मुनासिब नही दिखता। आये दिन अपने जायज कार्यो को सम्पन्न कराने को लेकर लोग अक्सर दर दर की ठोकरे खाते घूम रहे है।करे तो क्या न करे आमजन आखिर उन्हें सरकारी सिस्टम के दायरे में आना ही पड़ता है। सरकार के सख्त लहजे और निर्देश के बाद भी यह रिश्वत खोर आखिर अपनी हरकतों से बाज नही आते।जिससे इनके किये गए रिश्वती खेल से सरकार तो बदनाम होती ही है साथ मे ईमानदार अफसरों की छवि भी धुलधुसित होती है।ऐसा ही कुछ मामला जनपद में एक बार फिर देखने को मिला जब मुख्यालय में ही काम के एवज में 5000 की रिश्वत लेते एक चकबंदी विभाग के एक पेशकार पकड़े गए।बताया जा रहा है उक्त पेशकार प्रमोद कुमार बाबू मुख्यालय में चकबंदी सीओ के यहाँ तैनात थे जो पीड़ित जीतू निसाद पुत्र रज्जन लाल निवासी चंदूपुर सदर कोतवाली से÷जमीन के दस्तावेज दाखिल खारिज कराने के एवज में 5000 रु की रिश्वत मांग रहे थे। जिस पर पीड़ित ने कुछ समय मांग मंडल बाँदा यूनिट स्थित एन्टी करप्सन टीम से संपर्क कर रिश्वत मांगने की शिकायत की।टीम ने मामले को लेकर तत्काल सक्रिय हुई और जनपद मुख्यालय में डेरा जमा उक्त पेशकार पर अपनी नजरे जमाई।पीड़ित ने उक्त सीओ चकबंदी के पेशकार को मुख्यालय कलेक्ट्रेट के सीओ चकबंदी ऑफिस के बाहर रिश्वत 5000 रु की रिश्वत दी वही तत्काल एन्टी करप्सन टीम ने उसे रंगे हाथ रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया।टीम पेशकार को गिरफ्तार कर जनपद के सुमेरपुर थाना लेकर गयी जहाँ एन्टी करप्सन टीम रिश्वती के विरुद्ध मुक़दमा दर्ज कराया गया।जनपद में अभी हाल में ही एन्टी करप्सन टीम ने 3 रिश्वत खोरो को गिरफ्तार किया है जिसे टीम अपने साथ बाँदा ले गयी है।।

# जनसुनवाई में की गई शिकायत के बाद ब्च् संचालक पर दबाव, थाने में धमकी देने का आरोप

नवनीत एक्सप्रेस ब्यूरो अनिल खटीक




सुमेरपुर (हमीरपुर) । जनसुनवाई पोर्टल पर की गई शिकायत के बाद स्थानीय ग्राहक सेवा केंद्र संचालक को लगातार दबाव और धमकियों का सामना करना पड़ रहा है। पीड़ित संचालक का आरोप है कि न केवल उसे थाने में अभद्रता झेलनी पड़ी, बल्कि झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दी गई। इस मामले में उच्च अधिकारियों से निष्पक्ष जांच की मांग की गई है।शिकायतकर्ता शैलेन्द्र सिंह पुत्र जिलेदार सिंह पुलिस कमिश्नर बांदा की शिकायती पत्र देकर अवगत कराया कि उसने 10 जुलाई 2025 को जनसुनवाई पोर्टल और पीजी पोर्टल पर साइबर ठगी व धमकियों को लेकर शुभम सिंह चंदेल, प्रियम गुप्ता, तलहा वली अहमद, और साइबर थाना हमीरपुर के दरोगा विजय सिंह के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी उसके बाद से लगातार उसे फोन कॉल और थाने से दबाव झेलना पड़ रहा है। 31 जुलाई 2025 को सुमेरपुर थाने से कॉल कर उसे बुलाया गया, जहां उन्होंने थ्स् की मांग की, लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई और वापस भेज दिया गया। इसके बाद 6 अगस्त 2025 को दोबारा थाने बुलाया गया, शिकायतकर्ता का आरोप है कि थानाध्यक्ष अनूप सिंह और उप निरीक्षक सुरेंद्र यादव ने न केवल उसे और उसके भाई को अपशब्द कहे, बल्कि यह भी कहा कि ष्कहीं भी शिकायत कर लो, कुछ नहीं होगा. तुम्हे झूठे मुकदमे में फंसा दिया जाएगा पीड़ित के अनुसार, 6 जुलाई से 10 जुलाई 2025 तक उसके मोबाइल नंबर पर लगातार धमकी भरे कॉल आए, जो शुभम सिंह चंदेल द्वारा मोबाइल नंबर 7985972490 से किए गए। वहीं, साइबर दरोगा विजय सिंह ने भी मोबाइल नंबर 7007631575 से कॉल कर अनावश्यक दबाव बनाया। इन कॉल्स की ऑडियो रिकॉर्डिंग शिकायतकर्ता के पास उपलब्ध है। शिकायतकर्ता ने पुलिस उपमहानिरीक्षक, बांदा रेंज को भेजे पत्र में मांग की है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच किसी वरिष्ठ अधिकारी या स्वतंत्र जांच एजेंसी से कराई जाए, ताकि करोड़ों की साइबर ठगी में शामिल इस गिरोह का पर्दाफाश हो सके। शिकायत कर्ता ने अपने पत्र के साथ जनसुनवाई में की गई शिकायतों की प्रतियां, थाने में दी गई तहरीर, तथा धमकियों की ऑडियो रिकॉर्डिंग संलग्न की हैं।

## नगर पंचायत सुमेरपुर मे अन्ना गौवंश की धमाचौकड़ी से वाहन चालक परेशान

# हाइवे समेत कस्बे के मुख्य मार्ग मे शाम को लगता है झुंड

नवनीत एक्सप्रेस ब्यूरो अनिल खटीक




सुमेरपुर (हमीरपुर) । नगर पंचायत सुमेरपुर कस्बे मे अन्ना गौवंश वंश की धमा चौकड़ी से वाहन चालक परेशान है।कस्बे मे अन्ना गौ वंश खुले आम घूम रहे है नेशनल हाइवे तपो भूमि चौराहा के पास , वार्ड न 4 धर्मेश्वर बाबा मे , थोक इमिलिया वार्ड न 9 होरी दाई के पास , वार्ड न 2 प्राथमिक विद्यालय के पास सहित कस्बे के अन्य जगहो पर शाम ढलते ही अन्ना गौवंश खेतो से किसानो की फसल चौपट करके कस्बे के अंदर अपना झुंड के साथ बैठते है इस प्रकार से किसानो ने आरोप लगाया है कि नगर पंचायत द्वारा संचलित कान्हा गौ शाला मे सिर्फ अन्ना गौवंश दिखावा के लिए दर्ज है बाकी रात मे छोड़ दिये जाते है इस प्रकार से अन्ना गौवंश से किसानो की फसले चौपट हो रही है।

# घरेलू कलह के चलते युवक ने लगाई फांसी, मौत मृतक युवक की जेब से निकला सुसाइड नोट

नवनीत एक्सप्रेस ब्यूरो अनिल खटीक



मौदहा हमीरपुर। क्षेत्र के ग्राम घटकना में घरेलू कलह के चलते एक युवक ने गले में फांसी का फंद्दा डाल आत्महत्या कर ली। इस घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की जेब से एक सुसाइड नोट भी मिला है जिसमें उसने अपनी मौत का जिम्मेदार अपने ससुरालीजनों को दर्शाया है फिलहाल कोतवाली पुलिस ने मृतक के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्राम घटकना निवासी महेंद्र कुमार 32 वर्ष पुत्र बच्चू कुशवाहा ने घरेलू कलह के चलते मंगलवार की रात अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना की जानकारी होते ही उसके परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी होने पर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच मृतक के शव की का निरीक्षण कर उसे मेडिकल परीक्षण के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मृतक की जेब से एक सुसाइड नोट भी मिला है जिसमें जिसने अपने ससुराली जनों को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया है। मृतक गांव व आसपास राजमिस्त्री का काम करता था इसके अलावा उसके पिता के पास 25 बीघा खेती व ट्रैक्टर भी है। वह तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। वह अपने पीछे दो पुत्रों समेत परिवार को बिलखता छोड़ गया है। इस घटना से गांव में शोक का माहौल है।

# पुलिस मुठभेड़ में दुष्कर्म का आरोपी हुआ गिरफ्तार

नवनीत एक्सप्रेस ब्यूरो अनिल खटीक

हमीरपुर।जनपद में 8 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म जैसी घटना को अंजाम देने वाले अपराधी को जनपदीय



पुलिस ने पुलिस मुठभेड़ के बाद आखिर गिरफ्तार कर इलाज उपरांत न्यायालय के समक्ष पेश किया है जहाँ से उसे न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा गया है।आरोपित व्यक्ति को मुठभेड़ दौरान बाए पैर में गोली लगी है। ज्ञातब्य रहे कि जनपद में पूर्व दिवस एक दरिंदे द्वारा अपनी हवस को पूरा करने के लिए एक नाबालिक 8 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म जैसी घटना को अंजाम दे घटना कारित करने के बाद रफूचक्कर हो गया था।उक्त घटना की शिकायत पीड़ित पिता द्वारा राठ कोतवाली में पहुँच घटना को अंजाम देने वाले 40 वर्षीय ब्यक्ति के विरुद्ध की थी।संबंधित कोतवाली पुलिस ने आरोपित ब्यक्ति के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की गई थी।वही मामले को संज्ञान ले जनपद की पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा ने टीम गठित कर तत्काल कार्यवाई के निर्देश दिए थे।क्षेत्राधिकारी राठ के दिशानिर्देशन पर गठित राठ पुलिस टीम ने बीती रात्रि खास मुखबिर की की सूचना पर आरोपित ब्यक्ति ब्रजनंदन उम्र 40 वर्ष को गिरफ्तारी हेतू दबिश दी गयी । जनपदीय पुलिस ने बताया कि जैसे ही पुलिस टीम कस्बा के काशीराम कालोनी श्यावरी रोड दुष्कर्म के आरोपित ब्यक्ति ने अवैध असलहा से टीम पर फायरिंग कर दी।वही पुलिस ने बचाव करते हुए जबाबी फायरिंग की जिससे पुलिस मुठभेड़ में आरोपी के बाएं पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने घायल अवस्था के आरोपी को गिरफ्तार कर उसे अस्पताल में भर्ती कराया।पुलिस ने बताया कि गिरफ्तारी दौरान अभियुक्त के पास से एक अवैध देशी तमंचा 315 बोर व 1खोका खाली तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया है।पुलिस नेअभियुक्त के विरुद्ध दर्ज मुकदमे में धाराओं की बढ़ोत्तरी कर उसे आरोपी बना न्यायालय भेजा गया जहाँ से उसे न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया।

# रेलवे ट्रैक पार करते समय महिला कटी, हालत गंभीर

नवनीत एक्सप्रेस ब्यूरो अनिल खटीक

मौदहा (हमीरपुर) । बुधवार सुबह रेलवे ट्रैक पार करते समय महिला के दोनों पैर कट गए जिसे गंभीर हालत में इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया जहा से महिला की हालत गंभीर होने पर सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।हमीरपुर के बीबीपुर निवासी हाल मुकाम कस्बा मौदहा मुन्नी (65)पत्नी बुधवार सुबह खेतों में जानवर चराने गई थी। महिला बीच वाली लाईन पर खडी मालगाड़ी के नीचे से निकल कर स्टेशन के प्लेटफार्म दो एक पर जारही थी जैसे ही महिला मालगाड़ी के नीचे पहुंची वैसे ही मालगाड़ी चल पडी हालांकि महिला ने बचने की बहुत कोशिश की लेकिन मालगाड़ी की चपेट में आने से महिला के दोनों पैर कट गए जिसे तत्काल प्रभाव से इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहाँ से महिला को गंभीर हालत में प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। फिलहाल महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है।

## कांग्रेस नेता खड़गे ने राज्यसभा के उपसभापति को लिखा पत्र, बिहारैप्त् पर चर्चा की मांग

विपक्षी दलों की ओर से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने चुनावी राज्य बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर राज्यसभा में चर्चा की माँग दोहराई है। बुधवार को उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह को पत्र लिखकर खड़गे ने कहा कि यह मुद्दा करोड़ों मतदाताओं, खासकर समाज के कमज़ोर वर्गों के मतदाताओं के लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय है। राज्यसभा नेता प्रतिपक्ष ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि कैसे उच्च सदन के सभापति के पिछले फैसलों ने सदन को ष्एक प्रतिबंध के साथ, दुनिया की हर चीज़ष् पर चर्चा करने की अनुमति दी है।उपसभापति को लिखे अपने पत्र के कुछ अंश साझा करते हुए, खड़गे ने लिखा, ष्निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूचियों की विशेष गहन समीक्षा सबसे पहले बिहार में की जा रही है और फिर इसे पश्चिम बंगाल, असम और अन्य राज्यों में भी किया जाएगा। विपक्षी सांसद मौजूदा सत्र के पहले दिन से ही सदन में इस पर तत्काल चर्चा की माँग कर रहे हैं।ष् अपने पत्र में उन्होंने आगे कहा कि इसलिए, मैं अपनी ओर से और राज्यसभा में विपक्षी दलों की ओर से, आपसे अनुरोध करता हूँ कि आप इस मुद्दे पर तुरंत चर्चा की अनुमति दें, जो करोड़ों मतदाताओं, विशेषकर समाज के कमज़ोर वर्गों के मतदाताओं के लिए अत्यंत चिंता का विषय है।उपसभापति से उच्च सदन के सभापति के पिछले फैसलों को बरकरार रखने का आग्रह करते हुए, खड़गे ने लिखा कि 21 जुलाई, 2023 को, राज्यसभा के तत्कालीन सभापति ने एक फैसला दिया था कि श्यह सदन एक प्रतिबंध के साथ दुनिया की हर चीज़ पर चर्चा करने का हकदार हैश। खड़गे ने उस परंपरा को जारी रखने का आह्वान करते हुए, अपने पत्र में आगे कहा, ष्आप निस्संदेह इस बात को समझेंगे कि सभापति एक सतत संस्था है। आपने स्वयं अपने कुछ फैसलों के समर्थन में पिछले कई वर्षों में सभापति द्वारा दिए गए फैसलों का हवाला दिया है। सभापति के इस फैसले से स्पष्ट है कि राज्यसभा मतदाता सूची के संशोधन के मुद्दे पर चर्चा करने का हकदार है, जो हमारे लोकतंत्र में मूलभूत महत्व का है।ष्खड़गे ने जिस ष्एक प्रतिबंधष् का ज़िक्र किया, वह किसी भी सर्वोच्च न्यायालय या उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के आचरण पर चर्चा करने से संबंधित था, सिवाय राष्ट्रपति को संबोधित करने और न्यायाधीश को हटाने की प्रार्थना करने वाले प्रस्ताव पर।इससे पहले बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, खड़गे ने कहा कि विपक्ष ष्मतदाता सूची में अनियमितताओं और वोट चोरीष् पर चर्चा की मांग कर रहा है। उन्होंने कहा, ष्हम विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया पर चर्चा चाहते हैं। सभी लोग लगातार अध्यक्ष, सभापति और सरकार से बहुत ही शांत तरीके से अनुरोध कर रहे हैं कि हमारे वोट चोरी न हों। हम चाहते हैं कि हमें इस पर, मतदाता सूची में अनियमितताओं और वोट चोरी पर चर्चा करने के लिए समय मिले।ष

## पश्चिम बंगाल में बारिश जारी रहने की संभावना मौसम विभाग

पश्चिम बंगाल में सक्रिय मानसूनी ट्रफ और उत्तर बांग्लादेश के ऊपर स्थित उच्च स्तर के चक्रवाती परिसंचरण के कारण पश्चिम बंगाल के कई हिस्सों में भारी बारिश का सिलसिला जारी रहने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बुधवार को यह जानकारी दी।आईएमडी के अनुसार, दार्जिलिंग, कालिम्पोंग, जलपाईगुड़ी, अलीपुरद्वार और कूचबिहार जैसे उप-हिमालयी जिलों में 12 अगस्त तक भारी बारिश हो सकती है। दक्षिणी पश्चिम बंगाल में उत्तर और दक्षिण 24 परगना तथा नदिया समेत कई जिलों में भी आठ अगस्त तक भारी बारिश होने की संभावना जताई गई है।मौसम विभाग ने बताया कि जलपाईगुड़ी जिले के गैरकाटा टी एस्टेट में पिछले 24 घंटों में सुबह साढ़े आठ बजे तक राज्य में सर्वाधिक 120 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। अन्य स्थानों में भी अच्छी बारिश हुई जिनमें बक्साद्वार और डालगांव टी एस्टेट (80 मिमी), पश्चिम मेदिनीपुर जिले का मोहनपुर (70 मिमी) और दक्षिण 24 परगना जिले का डायमंड हार्बर (60 मिमी) शामिल हैं। कोलकाता में इस अवधि में 28 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।

## दिल्ली विधानसभा में फांसी घर विवाद मुख्यमंत्री ने आप के दावे की जांच की मांग की

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को कहा कि दिल्ली विधानसभा परिसर में फांसी घर के अस्तित्व पर आप के दावों की जांच का आदेश दिया जाना चाहिए और इसके जीर्णोद्धार पर खर्च किए गए एक-एक पैसे की वसूली की जानी चाहिए ।विधानसभाध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा है कि 2022 में जिस कक्ष का जीर्णोद्धार किया गया और तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उद्घाटन किया, वह वास्तव में एक ''टिफिन रूम'' था, न कि औपनिवेशिक काल का फांसी स्थल ।विधानसभा में इस मामले पर चर्चा के दौरान रेखा गुप्ता ने कहा कि तथाकथित 'फांसी घर' की सजावट पर एक करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं और यह राशि वसूल की जानी चाहिए ।उन्होंने कहा, ''इस मामले की जांच होनी चाहिए। फांसी घर दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा फैलाया गया झूठ है। दिल्ली में अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन होगा और उनके आने से पहले इन झूठ को दूर किया जाना चाहिए।''केजरीवाल पर कटाक्ष करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक के पास ''नाटक और मनोविज्ञान में कई डिग्रियां हैं।'' उन्होंने दावा किया कि पूर्व मुख्यमंत्री (केजरीवाल) लोगों की भावनाओं से खेलने में ''माहिर'' हैं ।विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि वास्तव में पुली-संचालित लिफ्ट वाले दो 'टिफिन रूम' उस इमारत का हिस्सा थे, जो ब्रिटिश शासन के दौरान 'इंपीरियल लेजिस्लेटिव काउंसिल' के रूप में काम करती थी। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि 'टिफिन रूम' समेत हर कमरे का विवरण उपलब्ध कराने वाला इमारत का नक्शा राष्ट्रीय अभिलेखागार में रखा हुआ है।

## एयर इंडिया की इंटरनेशनल फ्लाइट को लेकर बड़ा ऐलान, 1 अक्टूबर से फिर से शुरू होगी उड़ान

एयर इंडिया 1 अक्टूबर से अपनी अंतरराष्ट्रीय उड़ानें फिर से शुरू करने के लिए तैयार है, जो अस्थायी निलंबन के बाद सामान्य स्थिति की ओर एक बड़ा कदम है। टाटा के स्वामित्व वाली इस एयरलाइन ने 12 जून को अहमदाबाद में हुए दुखद विमान हादसे के बाद अपनी विदेशी सेवाएँ रोक दी थीं, जिसके बाद इसके परिचालन की गहन आंतरिक समीक्षा की गई। हाल के हफ्तों में आई चुनौतियों को स्वीकार करते हुए, एयर इंडिया के सीईओ कैंपबेल विल्सन ने यात्रियों को आश्वस्त किया कि एयरलाइन अपनी आंतरिक प्रणालियों को बेहतर बनाने के लिए पूरी लगन से काम कर रही है। उन्होंने व्यवधानों को कम करने और भविष्य में एक सुगम यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने के लिए एयरलाइन की प्रतिबद्धता पर ज़ोर दिया।विल्सन ने कहा कि हमने 1 अगस्त, 2025 से अंतरराष्ट्रीय परिचालनों की चरणबद्ध बहाली शुरू कर दी है

# आगामी त्योहार रक्षाबन्धन, 15 अगस्त, कानून एवं अपराध समीक्षा के दृष्टिगत राउंड द क्लॉक सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने हेतु निर्देश

## विवेचना में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, दो माह से अधिक लंबित विवेचनाओं की तत्काल समीक्षा करें, अपराधियों की संपत्ति करें कुर्क

### ''संगठित अपराध में लिप्त अपराधियों पर करें कार्यवाही''

झांसी ■ संवददाता

पुलिस उपमहानिरीक्षक झाँसी परिक्षेत्र झाँसी केशव कुमार चौधरी महोदय' द्वारा परिक्षेत्र के अपर पुलिस अधीक्षकों व पुलिस पेंशनर अध्यक्षों के साथ शिविर कार्यालय पर पुलिस पेंशनर्स व उनके परिवार की विभिन्न समस्याओं पर विस्तृत चर्चा करने के उपरांत कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में निम्न बिन्दुओं पर समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।आगामी त्योहार एवं कानून व्यवस्था-?? रेंज के जनपदों में आगामी त्योहार रक्षाबन्धन, 15 अगस्त, चेहेल्लुम, जन्माष्टमी आदि के दृष्टिगत होटल ढाबों, बस स्टेण्ड, रेलवे स्टेशन व उनके आस-पास के अन्य स्थानों पर एण्टी सेबोटॉज, डॉग स्क्वॉयड के साथ सघन चेकिंग एवं संदिग्धों की तलाशी लेने तथा रेंज के सभी क्षेत्राधिकारी/थाना प्रभारियों को लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर छोटी सी छोटी सूचनाओं/घटनाओं को गम्भीरता से संज्ञान में लेकर नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिए गए सअपराध समीक्षा-अपराध समीक्षा, लम्बित विवेचना का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, जघन्य/महिलाओं/बच्चों से सम्बन्धित अपराध, गुंडा एक्ट, गैंगस्टर एक्ट और हिस्ट्रीशीट, अवैध कारोबार, तस्करी के विरूद्ध कार्यवाही, घटनाएं एवं उनका अनावरण, महिला सुरक्षा को प्राथमिकता, आगामी त्योहार एवं कानून व्यवस्था, बीट प्रणाली, रात्रि गश्त और निगरानी, सोशल मीडिया एवं साइबर अपराध, जनसुनवाई एवं आईजीआरएस, ऑपरेशन कन्विक्शन, जागरूकता अभियान, प्रशिक्षण कार्यक्रम, शासन के दिशा निर्देश व जीरो टॉलरेंस के तहत कार्यवाही आदि की समीक्षा कर अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण हेतु प्रभावी कार्ययोजना बनाकर कानून



व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये सघटनाएं एवं उनका अनावरण, अवैध कारोबार के विरूद्ध कार्यवाही-?? गम्भीर अपराध हत्या, लूट, डकैती, नकबजनी, चोरी आदि घटनाओं की समीक्षा करते हुये अनावरण हेतु शेष सभी घटनाओं के शीघ्र अनावरण करने तथा संलिप्त अपराधियों को पुरस्कार घोषित कराते हुये शीघ्र गिरफ्तारी एवं लूटी/चोरी गयी सम्पत्ति की बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया।?? लंबित विवेचनाऐं- विशेषकर एससी एसटी एक्ट, महिला सम्बन्धी अपराध, पॉक्सो एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के अभियोगों की विवेचनाओं की समीक्षा कर विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण शीघ्र निस्तारण कराने के निर्देश दिये गये।गुंडा एक्ट, गैंगस्टर एक्ट और हिस्ट्रीशीटरों पर कार्यवाही-अपराधियों पर नियंत्रण के हेतु गुंडा व गैगस्टर एक्ट के तहत कर्यवाही एवं अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोलने के निर्देश दिए । जनपदों के टॉप-10 अपराधियों एवं चिन्हित माफियाओं की गतिविधियों पर निरंतर निगरानी रखी जाए। इसके साथ ही जेल से रिहा हुए अपराधियों का सत्यापन अनिवार्य रूप से किया जाए, ताकि वे दोबारा किसी अपराधिक गतिविधि में संलिप्त न हो सकें। अपराधियों का सत्यापन कराने तथा धारा 107 ठछै के तहत अपराधियों द्वारा अपराध से अर्जित की गई चल-अचल संपत्ति का चिन्हीकरण कर जब्तीकरण की कार्यवाही कराने के निर्देश दिए गए गम्भीर अपराधों के अभियुक्त जैसे हत्या, लूट, डकैती, गैंगरेप, गौ तस्करी, चोरी/नकबजनी, मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्यवाही करने तथा गैंगस्टर के अभियुक्तों के विरूद्ध धारा 14(1) अंतर्गत संपत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही के निर्देश दिए गये।महिला सुरक्षा को प्राथमिकता-महिला संबंधी अपराधों को अत्यधिक गंभीरता से लिया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी महिला उत्पीड़न की घटना पर त्वरित कार्रवाई होनी चाहिए और दोषियों पर कड़ी से कड़ी सजा सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही सभी थानों में महिला हेल्प डेस्क को और सक्रिय बनाने हेतु निर्देशित किया गया। महिला सुरक्षा के प्रति पुलिस का रवैया संवेदनशील और तत्पर होना चाहिए, ताकि महिलाओं को किसी भी प्रकार की असुरक्षा न महसूस हो।पैदल गश्त, रात्रि गश्त एवं निगरानी अपराध नियन्त्रण हेतु रात्रि गश्त को बढ़ाने के निर्देश दिए। सभी क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित गश्त करें

## न्यूज बीफ्र



### खेत पर काम करते समय करंट लगने से 55 वर्षीय किसान की हुई मौत


चिरगांव (झांसी) थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम करगुंवा में खेत पर काम करते समय एक किसान की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई जानकारी के मुताबिक पहलवान राजपूत (55 वर्ष), पुत्र भगवती प्रसाद निवासी करगुवा दोपहर 12रू00 अपने खेत पर धान की फसल में पानी देने के लिए गया था तभी पानी पीने के लिए वह ट्यूबवेल के पास गया जहां वह बिजली के तार की चपेट में आ गया और अचेत होकर नीचे गिर पड़ा पास ही किसान की पत्नी खेत में धान की फसल की रोपाई कर रही थी तो उसने देखा और वहां आसपास के लोगों को बुलाया तब तक किसान की मौत हो चुकी थी परिजनों ने इसकी सूचना चिरगांव थाना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के दो लड़के व एक लड़की है जिसमें लड़की व ऐक लड़के की शादी हो चुकी है वही अपना खेती किसानी करके घर का भरण पोषण करता था

### तीन दिवसीय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का भव्य आयोजन इस्कान द्वारा बुंदेलखंड में हो रहा है।

झांसी में पहली बार तीन दिवसीय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का भव्य आयोजन इस्कान द्वारा बुंदेलखंड में हो रहा है। महोत्सव की शुरुआत में 10 अगस्त को एक भव्य हरिनाम संकीर्तन यात्रा निकाली जायेगी!10 से 16 अगस्त तक प्रतिदिन इस्कॉन मंदिर में वृन्दावन के वृन्दावनचन्द्र गोस्वामी महाराज श्रीकृष्ण के वृजलीला प्रसंगों की सुंदर व्याख्या करेंगे। महोत्सव क्राफ्ट मेला मैदान में 14,15 एवं 16 अगस्त को होगा। जिसमें धर्मगुरु , सन्त महन्त एवं समाजसेवी बन्धु और भक्त जन आप सभी धर्म प्रेमी इस पुनीत कार्यक्रम में सहभागी बने। ऐसी हमारी कामना है।आप सभी पत्रकार, छायाकार शुक्रवार को दोपहर 1 (एक) बजे पत्रकार वार्ता में सादर आमंत्रित हैं ।

# सावन झूला महोत्सव में श्री भरतलाल सरकार मंदिर पर छप्पन भोग के साथ सजाई गई भव्य झांकी

चिरगांव (झांसी)-चिरगांव नगर में विराजमान भरत जी मंदिर डेरा पर कुशवाहा समाज द्वारा विराजे प्राचीन भरतलाल सरकार मंदिर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन माह में श्री भरतलाल सरकार एवं राधा कृष्णन का भव्य झूला सजाया गया।इस सावन झूला महोत्सव में श्री भरतलाल जी सरकार मंदिर पर हरियाली तीज से लेकर श्रावण माह की चतुर्दशी तक यहां भव्य और दिव्य झांकी सजाई जा रही।जिसमें द्वादशी बुधवार को छप्पन भोग का प्रसाद लगाया गया एवं भव्य झांकी सजाकर श्री भरतलाल सरकार एवं राधाकृष्णन की विधि विधान से आरती का गुणगान कर भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया।श्री भरतलाल सरकार के भक्त पुजारी श्री श्री 1008 रघुवीर शरण दास महाराज जी ने बताया कि मंदिर पर सुबह-शाम आरती के साथ क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु सुबह शाम आरती का गुणगान कर महाराज का झूला झुलाकर आनंद एवं उनका आशीर्वाद ले रहे हैं।वही चिरगांव कुशवाहा समाज अध्यक्ष कालका प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि यह झूला महोत्सव चतुर्दशी तक भव्य झांकी के साथ चलता रहेगा। इस वर्ष मुझे जो अध्यक्ष बनाकर सावन महोत्सव एवं वर्ष में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों एंव समाज की जिम्मेदारी मिली उसका मै बखूबी पूर्ण ईमानदारी के साथ एंव पूर्ण निष्ठा से कार्य करूंगा।



# वाणिज्य कर विभाग द्वारा मासिक लक्ष्य के सापेक्ष 60 करोड़ से अधिक कम वसूली पर डीएम ने की नाराजगी व्यक्त

## वाणिज्य कर विभाग को इन्फोर्समेंट की प्रभावी कार्यवाही करते हुए जीएसटी चोरी रोके जाने के दिए निर्देश

झांसी ■ संवददाता

जिलाधिकारी श्री मृदुल चौधरी ने कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में कर-करेत्तर एवं विविध देय सहित प्रवर्तन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक ली।जिलाधिकारी श्री मृदुल चौधरी ने कर-करेत्तर की समीक्षा के दौरान वाणिज्य कर विभाग, परिवहन विभाग एवं स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग द्वारा मासिक लक्ष्य के सापेक्ष वसूली कम होने पर नाराजगी व्यक्त की, उन्होंने वाणिज्य कर विभाग के अधिकारियों को वसूली बढ़ाए जाने के निर्देश देते हुए इन्फोर्समेंट के कार्यों पर असंतोष व्यक्त किया, उन्होंने फटकार लगाते हुए वसूली में प्रगति न होने पर प्रवर्तन कार्य को और संवेदनशील और गंभीरता से किए जाने के निर्देश दिए ताकि जीएसटी चोरी की संभावनाओं को रोका जा सके और वार्षिक लक्ष्य को भी पूरा किया जा सके।जिलाधिकारी श्री मृदुल चौधरी ने कर-करेत्तर की समीक्षा करते हुए वाणिज्य कर विभाग की कम वसूली पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा



कि यदि प्रयास किए जाते तो वसूली इस माह और बढ़ाई जा सकती थी। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से जनपद की सभी फर्मों का जीएसटी पंजीकरण कराना सुनिश्चित करने के साथ ही इन्फोर्समेंट की कार्यवाही के माध्यम से जीएसटी चोरी के प्रयासों को रोके जाने के निर्देश दिए। राज्य कर विभाग इस वर्ष का लक्ष्य 1671.19 करोड़ शासन द्वारा आवंटित किया गया है विभाग द्वारा जुलाई में 141.57 करोड़ के सापेक्ष मात्र 81.39 करोड़ की वसूली जो मासिक लक्ष्य से 60 करोड़ रुपए कम है, उन्होंने असन्तोष व्यक्त किया और विभागीय अधिकारी को वसूली बढ़ाए जाने के निर्देश दिए।समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने मालकर, वाहन कर, यात्री कर की समीक्षा करते हुए माह के लक्ष्य के सापेक्ष लगभग ? 06 करोड़ से अधिक कम वसूली करने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने शासन द्वारा प्रदत्त वार्षिक लक्ष्य की शत प्रतिशत पूर्ति के लिए विभाग के सोर्स की जानकारी ली और प्रवर्तन कार्यों को और प्रभावी बनाए जाने के निर्देश देते हुए कार्य करने की नसीहत दी। विभाग द्वारा माह के लक्ष्य 15.75 करोड़ के सापेक्ष 10.31 करोड़ वसूली पर असंतोष व्यक्त किया और वसूली को बढ़ाए जाने के निर्देश दिए। प्रवर्तन कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों में और तेजी लाए जाने और ओवर लोडिंग वाहनों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए ताकि लक्ष्य को पूरा वसूला जा सके।जिलाधिकारी श्री मृदुल चौधरी ने समीक्षा के दौरान राज्य उत्पाद शुल्क (आबकारी) विभाग की समीक्षा करते हुए विभाग द्वारा मासिक लक्ष्य से लगभग 08 करोड़ रुपए की कम वसूली होने पर नाराजगी व्यक्त की, उन्होंने उपस्थित एसडीएम और आबकारी अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री और परिवहन पर सख्त कार्यवाही की जाए।

# धन्वंतरि शाखा द्वारा हरियाली तीज उत्सव



झांसी ■ संवददाता

आज दिनांक 07 अगस्त 2025 को भारत विकास परिषद धन्वंतरी शाखा झांसी द्वारा होटल बुंदेलखंड प्राईड में हरियाली तीज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें धन्वंतरि शाखा की समस्त पदाधिकारी और सदस्यों ने बढ़चढकर हिस्सा लिया । कार्यक्रम का प्रारंभ शाखा सचिव नीलम रवि कुमार ने शिव जी के भजन गायन से किया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से गीत, नृत्य, एक्टिंग, कैटवॉक, की प्रस्तुति दी गई जिसका जजमेंट निवर्तमान अध्यक्ष रजनी गुप्ता द्वारा किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में डॉ केश गुप्ता हरियाली क्वीन चुनी गई तथा रनरअप विजेता श्वेता माहेश्वरी और लवली रही । सभी प्रतिभागियों को शाखा अध्यक्ष डॉ दीपा राय तथा जज के रूप में रजनी गुप्ता ने गिफ्ट और मोमेंटो देकर प्रोत्साहित किया। शाखा की निवर्तमान अध्यक्ष रजनी गुप्ता ने सभी विजेताओं को बधाई दी। कार्यक्रम में मीरा वर्मा, शशि गुप्ता, ममता गुप्ता, रजनी गुप्ता, रंजीता तमर, रुक्मणि, प्रियंका यादव , स्नेहा और लवली साहू आदि उपस्थित रही।कार्यक्रम का संचालन कोषाध्यक्ष संगीता गुप्ता तथा अंत में सचिव नीलम ने सभी का आभार व्यक्त किया।ढ

# करगुवा में बहन साध्वी मंजूलता का भव्य स्वागत, नगरवासियों ने डीजे बाजे के साथ किया

चिरगांव (झांसी) विकासखंड के ग्राम करगुवा में गुरुवार को एक विशेष और आध्यात्मिक वातावरण देखने को मिला, जब नगर के समाजसेवी कुलदीप राजपूत उर्फ राम राजपूत 52 की टीम ने पैदल यात्रा पर निकलीं बहन साध्वी मंजूलता का आत्मीय स्वागत किया। डीजे, बैंड-बाजे और जयकारों के साथ पूरे गांव ने साध्वी का अभिनंदन कर स्वागत कियासाध्वी मंजूलता बिठूर से पैदल चलकर झांसी रानी लक्ष्मीबाई महल के लिए आध्यात्मिक यात्रा पर हैं। उनकी तपस्या, श्रद्धा और धर्म-प्रेम से प्रभावित होकर ग्रामवासियों ने पुष्पवर्षा की और उनका उत्साह वर्धन किया। यात्रा में महिला, बुजुर्ग, युवा सभी वर्गों की उपस्थिति देखने लायक रही।इस दौरान राम राजपूत ने कहा कि, ष्धर्म की राह पर चलने वाली बहनों का सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य है। साध्वी मंजूलता के कदम हमारे गांव में पड़े, यह सौभाग्य की बात है। वहीं साध्वी जी को जलपान एवं आवश्यक सामग्री भेंट की और उनकी सुरक्षित एवं सफल यात्रा की मंगलकामनाएं कीं। साध्वी मंजूलता की यह यात्रा समर्पण, सेवा और शक्ति का प्रतीक बनकर लोगों को प्रेरणा दे रही है।यात्रा के दौरान सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे



## अंकु भैया के जिला पंचायत कार्यालय पर साध्वी मंजूलता का भव्य स्वागत, जेसीबी से हुई फूल-मालाओं की बरसात

चिरगांव (झांसी) साध्वी मंजूलता के आगमन पर मंगलवार को जिला पंचायत कार्यालय का दृश्य पूरी तरह भक्तिमय हो गया। जैसे ही मंजूलता बहन का काफिला अंकु भैया के जिला पंचायत कार्यालय पहुंचा, वहां पहले से मौजूद भारी संख्या में नगरवासी, पदाधिकारी एवं महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने जोरदार स्वागत किया।इस मौके पर विशेष आकर्षण का केंद्र बनीं फूलों से सजी जेसीबी, जिससे साध्वी मंजूलता पर पुष्पवर्षा की गई। फूलों की बारिश और ढोल-नगाड़ों के साथ उनका जोरदार अभिनंदन हुआ। जयकारों की गूंज से पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण में डूब गया।समारोह के दौरान अंकु भैया ने उन्हें पगड़ी व पुष्पहार पहनाकर, अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। साध्वी मंजूलता ने भी नगरवासियों को आशीर्वाद देते हुए अपने उद्बोधन में आध्यात्मिक जीवन के महत्व को बताया और जनजागरण का संदेश दिया।इस अवसर पर कई सामाजिक संगठनों व महिलाओं की बड़ी भागीदारी रही।



# बोन एंड जॉइंट वीक के अंतर्गत नि :शुल्क चिकित्सा शिविरों का सफल आयोजन

झांसी ■ संवददाता

इंडियन ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन व झाँसी ऑर्थोपेडिक क्लब की मुहिम, बोन एंड ज्वाइंट वीक के उपलक्ष्य में, ष्ओल्ड इस गोल्डष् के तहत बंसल हॉस्पिटल व चिरंजीव हॉस्पिटल में विशेष निःशुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया गया, जिनका उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों एवं अस्थि संबंधी रोगों से पीड़ित मरीजों को समुचित एवं निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराना था।चिरंजीव हॉस्पिटल में वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष फिजियोथेरेपी शिविर आयोजित किया गया।शिविर का संचालन हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. संजय त्रिपाठी द्वारा किया गया। मरीजों को निःशुल्क परामर्श प्रदान किया गया।चिरंजीव स्पोर्ट्स इंजरी एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर की टीम द्वारा फिजियोथेरेपी उपचार व मार्गदर्शन भी निःशुल्क दिया गया।बंसल हॉस्पिटल, झांसी में निःशुल्क अस्थि दुर्बलता (



ओस्टियोपोरोसिस) जांच (बीएमडी ) शिविर का आयोजन किया गया।इस शिविर में हड्डी की कमजोरी व जोड़ रोग से संबंधित अन्य बीमारियों का निःशुल्क जांच एवं परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई गई।वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. मयंक बंसल द्वारा 100 से अधिक मरीजों को निःशुल्क परामर्श दिया गया।साथ ही एक्स रे, ब्लड शुगर, ईसीजी इत्यादि जांचें भी निःशुल्क कराई गई।इन दोनों शिविरों में मरीजों ने सेवाओं से संतुष्ट होकर आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया।इन प्रयासों का उद्देश्य जनसामान्य, विशेषकर बुजुर्गों को हड्डी एवं जोड़ रोगों की रोकथाम, गिरने व फ्रैक्चर से बचाव, एवं समुचित जागरूकता प्रदान करना था।झाँसी ऑर्थोपेडिक क्लब भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करते रहेंगे।

स्वामी, मुद्रांक, प्रकाशक, महेंद्र तिवारी, द्वारा तिवारी आर्ट्स गुंडी गुंडा का नाका 14 बटालियन न्यू कुशवाहा कॉलोनी ग्वालियर से मुद्रित कराकर ताज 1100 कंपाउंड नंदनपुर झांसी से प्रकाशित संपादक उत्तम दुबे, व्यवस्थापक संपादक धुप दुबे, (पी आई सी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदारी सभी विवादों का न्याय क्षेत्र झांसी उत्तर प्रदेश रहेगा मो, 9074692488, 9451232588,810348949